कलेक्टर ने लू और तापघात से बचाव के लिए बनाये गए वार्ड में व्यवस्थाएं जांची

श्रीगंगानगर, (कासं)। हीट वेव और गर्मी से बचाव की व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के लिए जिला कलेक्टर लोकबंधु ने सोमवार को राजकीय जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने लू और तापघात से बचाव के लिए बनाये गए वार्ड में व्यवस्थाएं देखते हुए पीएमओ सहित चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

दोपहर बाद जिला चिकित्सालय पहुंचे जिला कलेक्टर ने चिकित्सालय के अधिकारियों से हीटवेव और गर्मी से बचाव के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर वार्डों का अवलोकन किया। जिला कलेक्टर ने लू-तापघात वार्ड, ऑर्थोपेडिक और बच्चा वार्ड का निरीक्षण करते हुए यहां भर्ती मरीजों से बातचीत भी की।

चिकित्सालय स्टाफ द्वारा उपलब्ध करवाई गई चिकित्सा सुविधाओं बाबत पूछने पर रोगियों ने जिला कलेक्टर को बताया कि स्टाफ द्वारा नियमित रूप से उपचार और दवाई दी जा रही है। लू-तापघात के मद्देनजर आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। पेयजल, विधुत आपूर्ति, वाटर कूलर, पंखे, एसी, कूलर और दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता है।

निरीक्षण के बाद जिला कलेक्टर ने पीएमओ सहित चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में हीट वेव और गर्मी से बचाव के लिए समुचित उपचार की व्यवस्थाएं पूर्ण रखी जाएं। चिकित्सालय में रोगियों के लिए पेयजल, छाया, टैंट, पानी, कूलर, पंखे, एसी सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। स्वच्छ पेयजल उपलब्धता के लिए भी निरंतर प्रयास किए जाएं ताकि गर्मी के दौरान किसी को परेशानी न आए।

गंगानगर कलेक्टर लोकबंधु ने हीट वेव और गर्मी से बचाव के मद्देनजर जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर मरीजों से लानकारी ली।

बीकानेर। लू और तापघात के हाई अलर्ट के मद्देनजर जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने जिले की समस्त औद्योगिक व व्यापारिक इकाईयों को अपने यहां कार्यरत श्रमिकों ,वाहन चालकों, सुरक्षा गार्ड्स और अन्य कार्मिकों हेतु हीट वेव से बचने के समुचित उपाय सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए हैं।

इस संबंध में जारी किए गए आदेशानुसार मौसम विभाग द्वारा हीट वेव का प्रभाव अगले दो सप्ताह तक बने रहने की संभावना जताई गई है। इस दौरान समस्त औद्योगिक और व्यापारिक इकाईयां अपने यहां कार्यरत कार्मिकों के विश्राम हेतु ठंडी छाया, जलपान, अल्पाहार तथा मेडिकल की पर्याप्त व्यवस्थाओं का ध्यान रखें और यदि किसी कार्मिक का गर्मी या लू लगने से स्वास्थ्य खराब होता है तो उसे शीघ्र नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र तक पहुंचाने की व्यवस्था करवाएं।

- **पेयजल, बिजली आपूर्ति, वाटर कूलर, पंखे, एसी, कूलर और दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिये**
- **कलेक्टर ने लू-तापघात वार्ड, ऑर्थोपेडिक और बच्चा वार्ड का निरीक्षण करते हुए यहां भर्ती मरीजों से जानकारी ली**

आदेशानुसार कार्मिकों के लिए उचित कार्य दशाओं के संबंध में दिए गए निर्देशों की पूर्णतया पालना सुनिश्चित की जाए जिससे हीट वेव के प्रकोप के कारण होने वाली बीमारियों और उनसे होने वाली जनहानि से बचा जा सके। यदि किसी औद्योगिक इकाई में कार्मिकों के साथ अमानवीय व्यवहार या विपरीत कार्य दशाएं पाई जाती है या इन निर्देशों की पालना नहीं पाई गई तो इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

नेहरू को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

उदयपुरवाटी, (निसं)। शहर के जांगिड़ कॉलोनी में आर्यन स्किल डवलपमेंट सेंटर पर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन संजय कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में किया गया।

सभा में उपस्थित जनों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी उदयपुरवाटी ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के शिल्पी थे, उन्होंने देश के निर्माण में सामाजिक, आर्थिक, कृषि, उद्योग, शैक्षिक एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में बेहतर नीतियों का निर्माण कर एक नए युग की शुरुआत की। पंडित नेहरू ने पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से देश को मजबूती एवं सुदृढ़ आधार प्रदान किया। पंडित नेहरू ने सामाजिक न्याय और आर्थिक विकास पर आधारित समतामूलक समाज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष संजय कुमार जांगिड़ ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़े-बड़े तकनीकी एवं प्रबंधन संस्थाओं की स्थापना की। पंडित जवाहरलाल नेहरू छोटे बच्चों से बेहद प्यार करते थे, इसलिए बच्चे उन्हें चाचा नेहरू के नाम से पुकारते थे।

सार-समाचार

सड़क दुर्घटना रोकने का संकल्प

हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित किया।

हनुमानगढ़, (कासं)। जिला कलेक्टर कानाराम ने कहा कि हमारे लिए लोगों के जीवन की रक्षा सर्वोपरि है। सड़क दुर्घटना में मौत विचलित करने वाली होती है। इससे पूरा परिवार बिखर जाता है और जिस दुःख और पीड़ा से वह गुजरता है उसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। इसलिए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने का संकल्प लेकर हमें प्रतिबद्धता से कार्य करना होगा। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की 10वीं बैठक हुई। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर संवेदनशील है। सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करें और लक्ष्य बनाकर दुर्घटनाओं को रोकने का प्रयास करें। पूर्ण सजगता और जवाबदेही से कार्य करें। जिले में सड़क सुरक्षा नियमों की पालना सुनिश्चित कराएं। उल्लंघन और लापरवाही करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें, जिससे दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके। जिला परिवहन अधिकारी संजीव चौधरी ने बताया कि ऑटोमेटेड ड्राईविंग ट्रैक पर कैमरे इंस्टाल हो गए है। अभी टेस्टिंग का कार्य चल रहा है। जून में वाहन चालकों का ड्राईविंग टेस्ट ट्रैक पर ही लिया जायेगा। बैठक में समिति सदस्य सचिव शीशपाल सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीलम चौधरी सहित समिति के सदस्य और संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

खाद्य मंत्री ने की जनसुनवाई

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने आवास पर आमजन की समस्याएं सुनी।

बीकानेर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने सोमवार को सादुलगंज स्थित अपने आवास पर जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं जानीं और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर पानी, बिजली, चिकित्सा, राजस्व, सड़क सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं सुनते हुए गोदारा ने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने यहां आने वाली परिवेदनाओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारित करें। आमजन बहुत उम्मीद से सरकारी कार्यालय पहुंचते हैं। होने लायक वाजिब कार्यों को तुरंत किया जाए। अनावश्यक रुप से कार्य में देरी नहीं हो और यदि कार्य होने लायक नहीं है तो कारण सहित स्पष्ट रूप से जवाब दें। इस अवसर पर आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी परिवेदनाएं लेकर पहुंचे। गोदारा ने ग्रामीणों की समस्याओं पर संबंधित विभागों को अधिकारियों को फोन ही निस्तारण करने के निर्देश दिए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा अगले दो दिन लूणकरनसर उपखंड मुख्यालय पर आमजन के परिवाद सुनेंगे। गोदारा लूणकरनसर स्थित गोदारा ऑयल मील, भाजपा कार्यालय में आमजन से मुलाकात करेंगे।

छाजेड़ तेरापंथी सभा के अध्यक्ष बने

जतन लाल छाजेड़ के गंगाशहर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष बनने पर स्वागत किया।

बीकानेर, (कासं)। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, गंगाशहर के वर्ष 2024 -2026 के लिए चुनाव रविवार रात्रि को सम्पन्न हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी जैन लूणकरण छाजेड़ ने बताया कि कुल 857 वोट पड़े जिसमें जतनलाल छाजेड़ को 682 मत प्राप्त हुए तथा शान्तिलाल सेठिया को 156 वोट मिले व 19 वोट निरस्त हुए। जतनलाल छाजेड़ ने शांतिलाल सेठिया को 526 वोट से पराजित किया। प्रचंड लू के बावजूद मतदाताओं में उत्साह बना रहा। अतिरिक्त चुनाव अधिकारी अशोक चोरड़िया ने सभी मतदाताओं को शान्ति के साथ चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए व तेरापंथी सभा अध्यक्ष अमरचन्द सोनी व मंत्री रतनलाल छलाणी को शानदार व्यवस्था के लिए साधुवाद दिया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि मतदान प्रचण्ड गर्मी के कारण सायं 7.30 बजे तक जारी रहा। उसके बाद हुयी मतगणना में दोनों उम्मीदवारों ने एक-एक मतपत्र को चैक किया व मतगणना भी की। देर रात को परिणाम घोषणा के बाद वर्तमान अध्यक्ष अमरचंद सोनी ने विजयी रहे जतनलाल छाजेड़ को जैन पताका व लूणकरण छाजेड़ ने माल्यार्पण करके स्वागत करते हुए बधाई दी।

मूवी देखने आई छात्राओं से छेड़छाड़, विरोध किया तो हमला

श्रीगंगानगर, (कासं)। रिद्धि सिद्धि प्रथम में दो गुटों में कहासुनी झगड़े में तब्दील हो गई। दोनों गुटों के युवकों ने एक दूसरे पर हमला करने लगे। पत्थरबाजी के बाद फायरिंग की घटना से दो जने घायल हो गए।

इस घटना को लेकर सदर पुलिस ने परस्पर मामले दर्ज किए है। इसके साथ साथ इस कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू किए है। हालांकि देर रात तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। मूवी देखने आई एमबीबीएस की छात्राओं से कई युवकों ने देर रात को छेड़छाड़ की घटना हुई। इस दौरान छात्राओं के पक्ष में आये युवकों ने विरोध किया तो दोनों पक्षों में जमकर झगड़ा हो गया।

फायरिंग करने से दो जने घायल हो गए तो कई युवकों के मामूली चोटें आई। सूचना मिलने पर सदर पुलिस ने पहुंच कर कानून व्यवस्था बनाने का प्रयास किया लेकिन युवकों की बढ़ती संख्या पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता मंगवाया गया। सीओ सिटी आईपीएस बी आदित्य ने घटना स्थल मॉल में जाकर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी ली।

- **फायरिंग में दो घायल, रिद्धि सिद्धि मॉल प्रथम में हुई घटना, परस्पर मामले दर्ज**
- **एक लग्जरी गाड़ी में आये युवकों ने फब्तियां कसी और उनके हाथों से खाना खाने की छीना झपटी की**

सदर सीआई रमेश कुमार न्यौल ने बताया कि इस मामले में टांटिया यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस कर रही दो लड़कियों की ओर से सदर थाने में परिवाद दिया। इसमें बताया गया कि वे दोनों अपने सहपाठियों के साथ मूवी देखने गई थी। जब रिद्धि सिद्धि के मॉल के बाहर बैठकर खाना खा रही थी। एक लग्जरी गाड़ी में आये युवकों ने उन पर फब्तियां कसी और उनके हाथों से खाना खाने की छीना झपटी करने लगे।

इन युवकों में प्रभजोत, नवदीप, गौरव, यश, तुषार, अनमोल, युवराज, जोवनप्रीत, एश, कुश आदि शामिल थे। उन्होंने अपने जानकार को वहां बुलाया तो इससे हाथापाई को उतारू हो गए।

इससे पहले गांव 9 क्यू निवासी गुरजीतसिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पी ब्लॉक की पीजी में रहने वाला उसका भतीजा अनमोल रात को अपने दोस्त प्रभजोत के साथ रिद्धि सिद्धि कॉलोनी के मॉल में घूमने गया था। वहां अज्ञात कई युवकों ने अनमोल पर पिस्तौल से फायर कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जबकि दोस्त प्रभजोत पर ईंटें बरसाई। उनकी कार को भी तोड़ दिया। गंभीर हालत में अनमोल को पहले प्राइवेट हॉस्पिटल में पहुंचाया। जबकि प्रभजोत को जिला चिकित्सालय में भती कराया गया है।

श्रमिकों के समय में किया परिवर्तन

झुंझुनूं, (निसं)।महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यों के समय में बढ़ते तापमान को देखते हुए समय परिवर्तन किया गया है।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अम्बालाल मीणा ने बताया कि नरेगा श्रमिकों का पूर्व में गर्मी के मौसम को देखते हुए कार्य का समय सुबह 6 से दोपहर 1 बजे किया गया था।

राज्य सरकार ने गर्मी को देखते हुए कार्य के समय में फिर से परिवर्तन करते हुए सुबह 5.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक विश्राम काल रहित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है।

तो वह किए गए कार्य की माप मेट के पास मस्टरोल में अंकित टास्क प्रपत्र में करवाने व समूह मुखिया के हस्ताक्षर उपरांत 10.30 बजे पश्चात एनएमएमएस की की निर्धारित प्रक्रियानुसार दूसरी हाजिरी अंकन के बाद कार्य स्थल छोड़ सकता है। यह समय परिवर्तन 15 जुलाई तक प्रभावी रहेगा।

बिना अनुमति संचालित गेमजोन को बंद कराया

श्रीगंगानगर, (कासं)। गुजरात के राजकोट में टीआरपी गेम जोन में भीषण आग से बारह बच्चों समेत 27 लोगों को मौत होने के बाद इलाके के पुलिस प्रशासन ने शहर में संचालित दो गेम जोन की औचक जांच कराई। इसमें एक गेम जोन बिना एनओसी संचालित किया जा रहा था, इसे बंद कराया गया।

सीओ सिटी आईपीएस बी आदित्य की अगुवाई में जांच दल ने नेशनल हाइवे 62 सूरतगढ़ रोड पर श्रीनाथ मार्केट में संचालित गेम जोन की जांच की। लेकिन यहां नगर परिषद से फायर संबंधित एनओसी नहीं मिली। आग बुझाने के उपकरण और यंत्र भी नियमानुसार नहीं मिलने पर नगर परिषद के फायर ऑफिसर चुन्नीलाल को बुलाया गया। उन्होंने भी अपनी जांच में बताया कि एनओसी के बिना यह गेम जोन संचालित किया जा रहा था।

इस पर सीओ सिटी ने इस गेम जोन पर ताला लगाने के आदेश किए। फायर संबंधित एनओसी मिलने के बाद ही इस गेम जोन को संचालित किया जा सकेगा। सीओ सिटी आदित्य ने बताया कि नेशनल हाईवे पर इस गेम जोन का संचालन बंद कराया गया हैं। जब तक एनओसी और फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं लगाये जाते तब तक यह नहीं खुल सकेगा। इस जांच दल में आईपीएस विनीत कुमार डीएच, सदर सीआई रमेश कुमार न्यौल, नगर परिषद के फायर ऑफिसर चुन्नीराम आदि मौजूद थे।

- **गुजरात के राजकोट में हुए हादसे के बाद पुलिस अफसरों की टीम ने सूरतगढ़ रोड पर श्रीनाथ मार्केट में संचालित गेम जोन की जांच की**

इससे पहले हनुमानगढ़ रोड पर सिदि॰धसिदि॰धा मॉल में गेम जोन की जांच की। वहां आग के हादसे से निपटने के लिए होज पाइप, फायर अलार्म, फॉग फायर, स्मॉग सिलेंडर आदि के इंतजाम मिले। वहां बच्चों की सुरक्षा संबंधित व्यवस्था का भी जायजा लिया गया।

सरपंच व वीडीओ पर घोटाला का आरोप

बीकानेर, (कासं)। जिले की खोखराना ग्राम पंचायत क्षेत्र से सोमवार को बड़ी संख्या में बीकानेर पहुंचे ग्रामीणों ने जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष अपना विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्राम पंचायत क्षेत्र में हुए सभी कार्यों की निष्पक्षता से जांच कराने तथा संबंधित सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

इन्होंने सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए है। जिला कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में बताया कि उनकी पंचायत की सरपंच कविता गोदारा है। जिन पर वर्ष 2021 से लेकर 2024 तक हुए सभी प्रकार के कार्यों यथा मनरेगा, ग्रेवल सड़क, साफ-सफाई, पानी की टंकी, पाइपलाइन आदि कार्यों में घोटाला करने का आरोप लगाते हुए इन सभी कार्यों की निष्पक्षता से जांच करवाए जाने की गुहार लगाई है। ग्राम विकास अधिकारी से कई बार कार्यों की जानकारी मांगी मगर नहीं दी।

- **खोखराना ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया**

31 मई तक जमा होगा ऋण

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास निगम झुंझुनूं द्वारा राष्ट्रीय निगमों के माध्यम से सस्ती ब्याज दरों पर स्वरोजगार के लिए विगत वर्षो में अनुसूचित जाति, जनजाति, सफाई कर्मचारी वर्ग, विकलांग वर्ग तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्रा युवक, युवतियों को ऋण व अनुदान राशि वितरण की गई थी। अनुजा निगम झुंझुनूं के परियोजना प्रबंध डॉ. पवन पूनियां ने बताया कि जिन लाभार्थियों द्वारा ऋण किश्तों का भुगतान नहीं करवा रहे है तथा जिनका ऋण खाता डिफाल्टर चल रहा है। वह लाभार्थी 31 मई 2024 तक अपना बकाया ऋण अनुजा निगम कार्यालय जिला परिषद ग्रामीण प्रकोष्ठ कैंपस झुंझुनूं में जमा करवाकर अपनी रसीद प्राप्त कर लेवें।

दुकानदार की हत्या के आरोपी पुलिस रिमांड पर

संगरिया, (कासं)। गांव किशनपुरा उत्तराधा में वृद्ध दुकानदार की नृशंस हत्या मामले में नामजद दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है।

थानाधिकारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि शक के आधार पर राउंडअप किए युवकों में से वार्ड एक गांव किशनपुरा उतराधा युवक सोनू (21) पुत्र जगदीश उर्फ जग्गा बावरी तथा इन्द्राज उर्फ गगन (21) पुत्र हंसराज मेघवाल को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। जिनसे गहन पूछताछ जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि गुरुवार सुबह हत्याकांड की जानकारी मिलते ही पुलिस जाबता लेकर मौके पर पहुंचे। डीवाईएसपी करणसिंह और एडिशनल एसपी प्यारेलाल ने घटनास्थल पर जाकर जानकारी ली।

- **श्वान जानू ने मृतक और आरोपियों के पैरों के निशान सूंघकर पुलिस को हत्यारों के घर तक पहुंचाया**

पूछताछ व फोटोग्राफी करवाने के साथ हनुमानगढ़ से एमओबी व मोबाइल फोरेंसिंक टीम ने सबूत जुटाए। श्रीगंगानगर डॉग स्क्वॉयड दल से श्वान जानू ने मृतक और आरोपियों के पैरों के निशान सूंघकर पुलिस दल को हत्यारों के घर तक पहुंचाया। मुखबिर तंत्र सक्रिय कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने इन्द्रप्रकाश के सिर व मुंह पर कुल्हाड़ी तथा सब्बल से ताबड़तोड़ वार किए। जिससे चेहरा पहचानना मुश्किल हो गया।

अनुसंधानों के सकारात्मक परिणामों का लाभ पशुपालकों तक पहुंचे : प्रो. सतीश गर्ग

बीकानेर, (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय अनुसंधान परिषद की नवीं बैठक सोमवार को कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. गर्ग ने कहा कि विश्वविद्यालय में स्थित दस एडवांस अनुसंधान केन्द्र विश्वविद्यालय की विशेष पहचान है जिसके अन्तर्गत पारम्परिक पशुचिकित्सा पद्धति, वन्यजीव प्रंबधन, पशुधन चारा संसाधन, पशु विज्ञान अभियांत्रिकी, पशु जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण, पशुजैव विविधता, टीकाकरण एवं जैविक उत्पादन, अंतरिक्ष आधारित तकनीक, पशु रोग निदान आदि प्रमुख विषयों पर शोध एवं तकनीकी विकास के कार्य किये जा रहे है। प्रो. गर्ग ने केन्द्रों के प्रमुख अन्वेषकों को निर्देशित करते हुए कहा कि अनुसंधानों के सकारात्मक परिणामों का लाभ पशुपालकों तक पहुंचे तथा उच्च गुणवत्ता वाले शोधों को पेटेंट हेतु क्रियान्वयन करने होंगे।

वेटरनरी विश्वविद्यालय नवीं अनुसंधान परिषद् की बैठक को कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने संबोधित किया।

बैठक में पशुधन अनुसंधान केन्द्रों पर बरसात के पानी संग्रहण हेतु डिग्गियों के निर्माण, बिजली खपत लागत को कम करने हेतु सोलर प्लांट स्थापित करने, पशुधन अनुसंधान केन्द्र पर कृत्रिम गर्भाधान तकनीक के माध्यम से सेक्स सोर्टड सीमन का उपयोग करने, पशुचारे की उपयुक्त समय पर समुचित व्यवस्था करने आदि प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।

- **वेटरनरी विश्वविद्यालय नवीं अनुसंधान परिषद् की बैठक आयोजित**

कुलपति प्रो. गर्ग ने पशुधन अनुसंधान केन्द्रों पर कम उत्पादक एवं अधिक आयु के पशुओं की नियमित छंटनी एवं निलामी तथा पशु उत्पादों के मूल्य संवर्धन हेतु निर्देशित किया ताकि इन केन्द्रों की उत्पादकता बनी रह सके। अनुसंधान निदेशक प्रो. हेमन्त दाधीच ने परिषद् की बैठक का संचालन करते हुए प्रगति विवरण प्रस्तुत किया तथा विभिन्न एडवांस अनुसंधान केन्द्रों एवं आई.सी.ए.आर. परियोजनाओं के प्रमुख अन्वेषकों ने अपने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किये। अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज, बीकानेर प्रो. ए.पी. सिंह मौजूद थे।

अतिवर्षा एवं बाढ़ से निबटने के लिए रेस्क्यू टीमों का पूर्वाभ्यास के निर्देश

बीकानेर, (कासं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) डॉ. दुलीचंद मीना ने अतिवर्षा एवं बाढ़ की संभावित स्थिति से निबटने के लिए रेस्क्यू टीमों का पूर्वाभ्यास करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पूर्वाभ्यास के दौरान आपदा प्रबंधन में उपयोग होने वाले रक्षा यंत्रों, नावों, संचार तंत्र, मेडिकल किट आदि उपकरणों व संसाधनों को परख लिया जाए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सोमवार को आयोजित आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय कंट्रोल रूम को 24 घंटे एक्टिव रखने व 15 जून से पूर्व बाढ़ प्रबंधन संबंधी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए।

उन्होंने एसडीआरएफ के अधिकारियों को तैराकी, डीप डाईविंग, फ्लड रेस्क्यू तकनीक तथा वोट हैंडलिंग का अभ्यास निरन्तर जारी रखने के निर्देश दिए। नागरिक सुरक्षा विभाग को जिले में उपलब्ध संसाधनों की सूची तैयार करने व प्रशिक्षित तैराक, रेस्क्यू स्वयंसेवकों और गोताखोरों को आवश्यकता अनुरूप तैनात करने के निर्देश दिए। समस्त विभागों को बचाव एवं मानसून पूर्व व्यवस्थाओं के संबंध में कंटीजेंसी प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। जर्जर भवनों को चिन्हित करने, खाद्य सामग्री भंडारण, आवश्यक दवाईयां, चिकित्सा कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति, नाविकों के साथ नावों की तैयारी, संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सूची, राहत गतिविधियों सहित अन्य आवश्यक सेवाओं का एक्शन प्लान रिव्यू करने के निर्देश दिए।

आपदा प्रबंधन समिति की बैठक को एडीएम (प्रशासन) डॉ. दुलीचंद मीणा ने संबोधित किया।